**प्रेस-नोट, दिनांक-10.10.2025**

## जनपद-आजमगढ

# जन शिकायतों (IGRS) के निस्तारण में आजमगढ पुलिस का उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

**आईजीआरएस पोर्टल** पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है, प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैकिंग का निर्धारण किया जाता है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है।

**उल्लेखनीय है कि माह सितम्बर 2025 में जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही किये जाने के फलस्वरूप निर्धारित मानकों के आधार पर प्रदान की गयी रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि उपरोक्तानुसार गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के आधार पर *जनपद आजमगढ़ के 18 थानों को भी रैंकिग में प्रथम स्थान प्राप्त* हुआ है।**

जनपद एवं थानों की रैंकिंग का निर्धारण फरीयादियों द्वारा किये गये शिकायतों के निस्तारण एवं उनके द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन स्तर से किया जाता है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन के द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के फलस्वरूप आजमगढ पुलिस द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गयी है तथा आम जनमानस एवं फरियादियों में आजमगढ़ पुलिस के प्रति विश्वास एवं सन्तुष्टि की भावना में वृद्धि हुयी है। आजमगढ़ पुलिस की इस उपलब्धि के लिये उच्चाधिकारीगण द्वारा भी पुलिस कर्मियों की सराहना की गयी।

| जनपद | रैंक |
|---|---|
| जनपद आजमगढ़ | 1 |

| क्रम संख्या | थाना | रैंक |
|---|---|---|
| 1 | तरवां | 1 |
| 2 | तहबरपुर | 1 |
| 3 | बहदह | 1 |
| 4 | अहरौला | 1 |
| 5 | गंभीरपुर | 1 |
| 6 | जहानागंज | 1 |
| 7 | पवई | 1 |
| 8 | सिधारी | 1 |
| 9 | फूलपुर | 1 |
| 10 | मुबारकपुर | 1 |
| 11 | देवगांव | 1 |
| 12 | दीदारगंज | 1 |
| 13 | सरायमीर | 1 |
| 14 | कन्धरापुर | 1 |
| 15 | रानी-की-सराय | 1 |
| 16 | कोतवाली | 1 |
| 17 | जीयनपुर | 1 |
| 18 | मेहनाजपुर | 1 |